


नवभारत
भोपाल, गुरुवार 14 मई 2026


# डांस में धक्का लगने पर मारपीट, 4 घायल

## दुल्हन पक्ष के लोगों ने डंडों से किया हमला






**सलामतपुर, 13 मई. कभी-कभी जरा सी बात पर भी बड़ी घटना हो जाती है. ऐसा ही एक मामला बुधवार देर रात सलामतपुर थाने के केमखेड़ी गांव में सामने आया, जहां पर सिर्फ डांस करने के दौरान धक्का लगने से लाठी, डंडे चल गए. जिसमें दूल्हा पक्ष के 4 युवक घायल हो गए.**

पुलिस के अनुसार बुधवार रात को कालिटोर पिपरई गांव में मुंगावली अशोकनगर से दूल्हा रविशंकर वंशकार की बारात आई थी. उसकी शादी पतिराम उर्फ गुड्डा वंशकार की बेटी संध्या वंशकार निवासी कलिटोर से हो रही थी. शादी समारोह की बारात में डीजे की धुन पर दुल्हन पक्ष के कुछ युवक भी डांस करने लगे. इस दौरान धक्का लगने पर हेमंत वंशकार, संजय वंशकार, प्रदीप वंशकार और जालम वंशकार सभी निवासी मुंगावली का आरोपी अभिषेक वंशकार, शिवम वंशकार, सोनू वंशकार और छोटू वंशकार सभी निवासी कालीटोर पिपरई से विवाद हो गया. देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे पक्ष के लोगों पर लाठी डंडों से हमला कर दिया. इस घटना में हेमंत, संजय, प्रदीप और जालम वंशकार चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया.

सूचना मिलने पर सलामतपुर थाना और चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और विवाद को शांत कराया. इस घटना में पुलिस ने 4 आरोपियों पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.

**इनका कहना है**

बारात में डीजे की धुन पर डांस के दौरान धक्का लगने को लेकर विवाद हुआ था. कालिटोर पिपरई के 4 युवकों ने डंडों से हमला कर दिया. जिससे मुंगावली अशोकनगर के 4 लोग घायल हो गए. आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है.

**सुनील शर्मा,** थाना प्रभारी सलामतपुर.

**शादी में नहीं आई रुकावट**

डीजे की धुन पर डांस कर रहे दूल्हा पक्ष के लोगों और दुल्हन पक्ष के लोगों में लाठी डंडे चलने और चार युवकों के घायल होने के बाद भी दूल्हा रविशंकर वंशकार और दुल्हन संध्या वंशकार की शादी में किसी किस्म की रुकावट नही आई और दोनों ने शादी के सात फेरे लेकर पूरी रस्में अदा की. और दुल्हन संध्या की विदाई भी शांति पूर्ण तरीके से हो गई.

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए शिविर आज

**रायसेन, 13 मई.** मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा उपभोक्ताओं की बिजली संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए 'सम्पर्क अभियान' के तहत विशेष जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है. इसी कड़ी में 14 मई गुरुवार को एक शिविर सुबह 10 बजे से प्राइमरी स्कूल, नयापुरा, वार्ड नं. 01, रायसेन के क्लस्टर क्रमांक 01 (वार्ड नंबर 01, 02 और 03) एक ही छत के नीचे लगाया जाएगा. शिविर में गलत बिल सुधार, अधिक बिल की जांच और डुप्लीकेट बिल प्राप्त करना, वोल्टेज की समस्या, ट्रांसफार्मर, पोल, सर्विस लाइन और मीटर खराब होने जैसी शिकायतों का निपटारा किया जाएगा.घरेलू और कृषि कार्यों के लिए नए बिजली कनेक्शन हेतु आवेदन लिए जाएंगे.

# कागजों पर खर्च दिखाकर राशि निकालने का आरोप

**▸ मुख्यमंत्री-कलेक्टर को भेजी शिकायत, जांच की मांग**

**बेगमगंज , 13 मई. जनपद पंचायत बेगमगंज में आने वाली ग्राम पंचायत बम्होरी टीटोर में स्टेशनरी और फोटोकॉपी के नाम पर लाखों रुपए के कथित गबन किए जाने की शिकायत कलेक्टर और मुख्यमंत्री को भेजकर जांच की मांग की है. शिकायत में पंचायत के दस्तावेजों में फोटोकॉपी, पेपर, स्टेशनरी और कंप्यूटर दुकानों के बिल लगाकर करीब दो लाख रुपए से अधिक की राशि निकाले जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं.**

शिकायत में ग्रामीण सत्येंद्र राजपूत का आरोप है कि पंचायत में विकास कार्यों की बजाय कागजों पर खर्च दिखाकर सरकारी राशि का बंदरबांट किया गया.जिन बिलों के आधार पर भुगतान किया गया, उनमें कई बिल धुंधले, अपूर्ण और संदिग्ध हैं, जबकि कुछ मामलों में कोरे बिलों पर ही भुगतान किए जाने की बात सामने आ रही है. ग्रामीणों के अनुसार बेगमगंज स्थित कंप्यूटर दुकान संचालक अनूप शर्मा के नाम से हजारों रुपए के बिल पंचायत द्वारा अपलोड कर भुगतान कराया गया. आरोप है कि इन्हीं बिलों के माध्यम से सरकारी राशि के गबन को अंजाम दिया गया. ग्रामीणों का कहना है कि बिना उचित जांच-पड़ताल के भुगतान कैसे स्वीकृत कर दिया गया. यदि बिल संदिग्ध थे तो संबंधित अधिकारियों ने सत्यापन क्यों नहीं किया.ग्रामीणजनों में सत्येंद्र राजपूत, देवीसिंह राजपूत,मुन्ना , वीरसिंह आदि ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है. इस संबंध में नवभारत प्रतिनिधि से जनपद पंचायत प्रभारी सीईओ नीलम रैकवार से बात की तो उन्होंने वर्जन देने से मना कर दिया. उन्होंने कहा कि यह मामला मेरे समय का नहीं है, जबकि पिछले एक वर्ष से यही प्रभार में हैं.

## एक नजर में



### प्रगणकों को एसडीएम ने किया सम्मानित

**रायसेन, 13 मई.** जनगणना का प्रथम चरण का कार्य पूर्ण हो चुका है. एसडीएम मनीष शंकर शर्मा एवं शहरी क्षेत्र रायसेन की जनगणना चार्ज अधिकारी सीएमओ रायसेन सुरेखा जाटव द्वारा जनगणना में प्रथम चरण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुपरवाइजर, प्रगणकों एवं कर्मचारियों को आज एसडीएम कार्यालय में सम्मानित किया गया. नगर पालिका रायसेन से सिटी मैनेजर रानी तिवारी, आरआई पवन मीणा, अर्जित श्रीवास्तव, सुमित शाक्य, मनुकांत चौरसिया एवं वार्ड प्रभारियों भी सम्मानित किया गया.



### गेहूं से भरे ट्रैक्टर में लगी आग, मची अफरा-तफरी

**रायसेन, 13 मई.** रायसेन जिले के देवरी में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के दौरान मंगलवार रात 10 बजे आस्तिक वेयरहाउस में लाइन में लगे ट्रैक्टर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई. कुछ मिनट में टैक्टर जलकर राख हो गया. जिससे खरीदी केंद्र पर मौजूद किसानों और कर्मचारियों के बीच भगदड़ मच गई. जानकारी के अनुसार, बिंजा निवासी संजू साहू का ट्रैक्टर-ट्रॉली अन्य वाहनों के साथ खरीदी केंद्र पर लाइन में खड़ा था. इसी दौरान ट्रैक्टर से अचानक चिंगारी निकली और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग की लपटें करीब 10 फीट ऊंचाई तक उठ रही थीं. आग फैलने की आशंका को देखते हुए चालक तुरंत ट्रैक्टर-ट्रॉली को वेयरहाउस परिसर से बाहर ले गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया. सूचना मिलते ही नगर परिषद की फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. इस घटना में ट्रैक्टर जल गया, जबकि गेहूं को भी नुकसान पहुंचने की बात सामने आई है. घटना के बाद ट्रैक्टर मालिक और किसानों ने खरीदी केंद्र की संचालन व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आग लगने के कारणों की जांच की मांग की है.

### 16 बच्चों को फूड किट वितरित की

**सिलवानी, 13 मई.** महिला एवं बाल विकास विभाग सिलवानी द्वारा एलटी संस्था के सहयोग से एनआरसी (पोषण पुनर्वास केंद्र) सिलवानी में कुपोषित बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम एसडीएम हर्षल चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ. इस दौरान चिन्हित 16 कुपोषित बच्चों को फूड किट वितरित किए गए. कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से मुक्त कर सुपोषण की श्रेणी में लाना है. परियोजना अधिकारी ने अभिभावकों को बच्चों को नियमित संतुलित आहार देने, उनके वजन एवं शारीरिक विकास की सतत निगरानी रखने का संकल्प दिलाया. कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, बीएमओ आरएस पटेल, बीपीएम जयदीप साहू, परियोजना अधिकारी अविदा बी, सेक्टर पर्यवेक्षक मानकुंवर प्रजापति, मालती सेन, अर्चना कुशवाहा, कल्पना यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे.



## एसडीएम ने किसानों से संवाद कर सुनीं समस्याएं

**सिलवानी, 13 मई. एसडीएम हर्षल चौधरी ने विभिन्न उपार्जन केंद्रों एवं वेयरहाउसों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने किसानों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा सोसायटी समितियों और वेयरहाउस संचालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.**

एसडीएम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों के हितों की रक्षा एवं उनकी सुविधाओं को सुनिश्चित करने के लिए पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है. सरकार का उद्देश्य है कि किसानों के अन्न का एक-एक दाना पूरी पारदर्शिता, नियम और सम्मान के साथ खरीदा जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े. निरीक्षण के दौरान उन्होंने तौल व्यवस्था, अनाज भंडारण, वेयरहाउस की स्थिति तथा किसानों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया. उन्होंने सोसायटी समितियों को कांटों की संख्या बढ़ाने तथा उनका समय-समय पर परीक्षण एवं सत्यापन कराने के निर्देश दिए, जिससे तौल प्रक्रिया में पारदर्शिता बनी रहे और किसानों को लंबे समय तक इंतजार न करना पड़े. एसडीएम ने अनाज की समय पर डुलाई सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए, ताकि किसानों के भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो. निरीक्षण के दौरान कुछ छोटी-मोटी अनियमितताएं पाए जाने पर उन्होंने तत्काल सुधार के निर्देश दिए.





## सेंट थॉमस कॉन्वेंट के विद्यार्थियों की सफलता

**बेगमगंज.** सेंट थॉमस कॉन्वेंट हॉयर सेकंडरी स्कूल का कक्षा 12वीं सीबीएससी के परीक्षा परिमाण में स्कूल के 116 विद्यार्थियों में से 3 विद्यार्थी टॉपटेन सूची में आए हैं. इनमें रुपाली गौर 96 प्रतिशत , समृद्धि नेमा 94 प्रतिशत एवं एजेल जैन 91.3 प्रतिशत ने अंक अर्जित करके स्कूल एवं परिवार का नाम रोशन किया है. तीनों टॉपर को प्राचार्य सिस्टर मरीना , उप-प्राचार्य सिस्टर जैसी एवं स्टॉफ ने सम्मानित करते हुए बधाई दी.

## अवैध शराब सहित आरोपी गिरफ्तार

**रायसेन, 13 मई.** कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 54 लीटर अवैध शराब जब्त और मोटर साइकिल जब्त की है.शराब की कीमत करीब 36 हजार रुपए है. पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पैमत जोड़ के पास बंछोड़ डेम क्षेत्र में एक युवक अवैध शराब छिपाकर रखे हुए है. पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची, जहां एक संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा. पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ लिया. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम, रोहन पिता भगवानसिंह बैरागी, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम सेंडोरा थाना कोतवाली जिला रायसेन बताया.

# पत्नी को लेने ससुराल गए युवक से मारपीट

**सलामतपुर, 13 मई. सलामतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कायमपुर में पत्नी को मायके से लेने ससुराल पहुंचे एक युवक के साथ उसके ससुर और साले द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है. घटना में युवक के सिर में डंडा लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.**



पुलिस के अनुसार महेश अहिरवार निवासी ग्राम गोदवाल थाना उमरागंज अपनी पत्नी को लेने के लिए ग्राम कायमपुर स्थित ससुराल गया था. बताया जा रहा है कि उसकी पत्नी मायके में रह रही थी और उसने महेश के साथ जाने से इंकार कर दिया. इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया. विवाद बढ़ने पर महेश के ससुर फूल सिंह और साले नर्मदा ने उसके साथ मारपीट कर दी. मारपीट के दौरान डंडा लगने से महेश के सिर में गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान हो गया. पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है.

## कुपोषित बच्चों को फूड किट वितरित

**बेगमगंज.** महिला एवं बाल विकास परियोजना बेगमगंज अंतर्गत सेक्टर वीरपुर के आंगनवाडी केंद्र लखनपुर में पांच कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को फ्रूट किट वितरण किए गए. कार्यक्रम के दौरान प्रभारी परियोजना अधिकारी संगीता ठाकुर ने उपस्थित अभिभावकों को कुपोषण के कारण उसके दुष्प्रभाव एवं बच्चों को सामान श्रेणी में लाने हेतु आवश्यक संतुलित आहार और नियमित देखभाल संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि फ्रूट कट का वितरण टीएल फाउंडेशन के सहयोग से जिले की विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों में वर्तमान में कुपोषण काम करने और बच्चों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वितरण किया जा रहा है. कार्यक्रम में सेक्टर पर्यवेक्षक अनीता बाथरे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अंकित यादव, आंगनवाड़ी सहायिका और ग्रामवासी उपस्थित रहे.



## राज्यमंत्री ने किया श्रमदान

**रायसेन.** जिले में जल संरक्षण हेतु चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के देवरी स्थित तालाब की जनभागीदारी से साफ सफाई की गई. स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा श्रमदान कर तालाब किनारे साफ सफाई की गई तथा इसके उपरांत पौधरोपण भी किया गया. इस अवसर पर पटेल ने कहा कि जल से ही जीवन है, जल स्रोतों का संरक्षण और संवर्धन करना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है. जब हम सब मिलकर प्रयास करते हैं, तो निश्चित ही सकारात्मक परिणाम सामने आते हैं. उन्होंने नागरिकों से आह्वान करते हुए कहा कि हम सब मिलकर इस अभियान की दिशा में सतत प्रयास करें और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, समृद्ध प्राकृतिक धरोहर सौंपें. इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधी, अधिकारी और आमजन उपस्थित रहे.



## टिप्पणी के विरोध में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**रायसेन, 13 मई. एक समुदाय के युवाओं ने बुधवार को रायसेन कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में भोपाल में हुई एक घटना को लेकर नाराजगी जताते हुए आरोपियों के खिलाफ शीघ्र एवं कठोर कार्रवाई की मांग की गई.**

ज्ञापन में बताया गया कि कुछ व्यक्तियों द्वारा धर्म विशेष के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं. समाज के युवाओं ने कहा कि इस मामले में पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज किए जाने के बावजूद अभी तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हुई है, जिससे लोगों में आक्रोश बना हुआ है. प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए. साथ ही समाज में धार्मिक वैमनस्य फैलाने वालों पर सख्त धाराओं के तहत कार्रवाई करने की भी मांग रखी गई.

**उपलब्धि** ▸ रायसेन जिले को मिले 169 नए जवान, मेडिकल जांच शुरू

# मां का सपना पूरा करने गरीबी से लड़ी अंजली, बनी आरक्षक

**अदनान खान**

**रायसेन,13 मई.रायसेन जिले को 169 नए पुलिस जवान मिलने जा रहे हैं. इन नव नियुक्त आरक्षकों की ट्रेनिंग से पहले मेडिकल चेकअप, फिजिकल टेस्ट और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया इन दिनों पुलिस लाइन रायसेन में जारी है.**

जिला अस्पताल में सभी अभ्यर्थियों का मेडिकल परीक्षण कराया गया, जहां सुबह से ही युवाओं की लंबी कतारें लगी रहीं. भीषण गर्मी के बीच कई अभ्यर्थी परेशान नजर आए, लेकिन चेहरे पर पुलिस की वर्दी पहनने का सपना साफ दिखाई दे रहा था. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे ने बताया कि रायसेन जिले को 169 नए पुलिस जवान मिले हैं. पिछले दो दिनों से मेडिकल परीक्षण, फिजिकल चेकअप और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है. सभी प्रक्रिया पूरी होने के बाद पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे. इसके बाद सभी नव आरक्षकों को करीब एक साल की ट्रेनिंग के लिए भेजा जाएगा. ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उन्हें जिले के अलग-अलग थानों में पदस्थ किया जाएगा.

**अंजली की कहानी बनी प्रेरणा**



इन 169 चयनित जवानों में भोपाल की रहने वाली अंजली बिष्ट की कहानी हर किसी को भावुक कर गई. मेडिकल परीक्षण के दौरान जब अंजली ने अपने संघर्ष के दिनों को याद किया तो उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े. अंजली ने बताया कि उनके पिता हरसिंह बिष्ट कपड़ों की दुकान पर काम करते हैं. परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर थी. पुलिस भर्ती की तैयारी करना उनके लिए आसान नहीं था, क्योंकि फिजिकल की तैयारी में डाइट, रनिंग और अन्य जरूरतों पर काफी खर्च होता है. उन्होंने बताया कि उनकी मां गीता बिष्ट चाहती थीं कि बेटी पुलिस में भर्ती होकर परिवार का नाम रोशन करे. मां की इसी इच्छा को पूरा करने के लिए अंजली ने पुलिस की तैयारी शुरू की, लेकिन इसी बीच एक साल पहले हार्ट अटैक से उनकी मां का निधन हो गया.

**हार नहीं मानी, भाई ने सपोर्ट किया:** मां के जाने के बाद अंजली पूरी तरह टूट गई थीं, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी. अंजली बताती हैं कि वह रोज सुबह 4 बजे उठकर रनिंग के लिए जाती थीं. वापस लौटने के बाद घर का पूरा काम संभालतीं, दिन में पढ़ाई करतीं और शाम को फिर दौड़ की प्रैक्टिस करती थीं. रात में परिवार के लिए खाना बनाना भी उनकी जिम्मेदारी थी. इस कठिन दौर में उनके छोटे भाई ने उनका खूब साथ दिया. उन्होंने बताया कि कई बार हालात इतने खराब रहे कि एक वक्त का खाना खाकर गुजारा करना पड़ा और एक ही जोड़ी कपड़ों में दिन निकलते थे. आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उन्होंने प्राइवेट स्कूल में टीचर की नौकरी भी की. साथ ही लाइब्रेरी में बैठकर पढ़ाई जारी रखी. उन्होंने स्न की तैयारी भी की और परीक्षा देने तक गईं. लगातार संघर्ष और मेहनत के बाद अंजली ने एमपी पुलिस भर्ती परीक्षा में दूसरे प्रयास में सफलता हासिल कर ली.

## 17 मई से अधिमास, मांगलिक कार्यों पर लगेगा विराम

**▸ पूजा-पाठ और दान का रहेगा विशेष महत्व**

**सिलवानी, 13 मई. इस वर्ष ज्येष्ठ मास में अधिमास का दुर्लभ संयोग बन रहा है. अधिमास का आरंभ 17 मई से होगा, जिसके चलते 16 मई से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन एवं अन्य मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा. यह अधिमास 15 जून तक रहेगा.**

पंडित रेवा शंकर शास्त्री (बीतली वाले) ने बताया कि जब सूर्य एक राशि से दूसरी राशि में प्रवेश नहीं करते, उस अवधि को अधिमास अथवा मलमास कहा जाता है. धार्मिक दृष्टि से यह समय अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है, लेकिन शुभ एवं मांगलिक कार्यों के लिए इसे वर्जित माना गया है. उन्होंने बताया कि अधिमास समाप्त होने के बाद शुद्ध ज्येष्ठ मास का शुक्ल पक्ष प्रारंभ होगा, जो 29 जून को ज्येष्ठ पूर्णिमा तक चलेगा. ज्योतिषविदों के अनुसार ज्येष्ठ मास में अधिमास का यह संयोग अत्यंत दुर्लभ होता है और अगली बार ऐसा संयोग वर्ष 2037 में देखने को मिलेगा. इस वर्ष अधिक मास के दौरान विशेष ज्योतिषीय संयोग भी बन रहे है. इस बार अधिमास में दो गुरु पुष्य योग बनेंगे. पहला योग मई के अंतिम सप्ताह में तथा दूसरा जून माह में पड़ेगा.